कोटद्वार, मंगलवार
3 दिसम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 208 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

कार की टक्कर से पीआरडी जवान की मौत

देहरादून। राज्य कर विभाग की टीम के साथ सोमवार तड़के डाटकाली में चैकिंग कर रहे पीआरडी जवान की तेज रफ्तार कर की टक्कर से मौत हो गई। आरोपी चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सुबह करीब 4.30 बजे राज्य कर अधिकारी कुंदन सिंह तोमर सचल दल के साथ डाट माता मंदिर टनल के पास चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान सहारनपुर की ओर से आ रही एचआर नंबर की कार तेजी से आई और टीम में शामिल जवान 35 वर्षीय जंग बहादुर पुत्र विजय बहादुर हाल निवासी प्रीतम रोड देहरादून को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जवान उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गया। इस दौरान कार चालक यूटर्न लेकर वापस सहारनपुर की ओर भाग गया। मौके पर मौजूद कर अधिकारियों ने तत्काल जवान को पटेलनगर स्थित महंत इंद्रेश अस्पताल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामाभर कर कोरोनेशन अस्पताल में जवान का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जवान मूल रूप से सुल्तानपुर यूपी का रहने वाला था। उधर, क्लेमेन्टटाउन थाने में राज्य कर अधिकारी कुन्दन सिंह तोमर की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश कर रही है।

हरिद्वार निवासी दो युवकों की कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

रुद्रपुर। हरिद्वार से रुद्रपुर जा रही एक कार सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार को हरिद्वार के चुड़ियाला तेजुपुरा निवासी 37 वर्षीय वीरेंद्र पुत्र पहल सिंह अपने दोस्त 35 वर्षीय वसीम अहमद पुत्र जाहिद हसन निवासी रामपुर रूड़की कार से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे नेशनल हाईवे छोई मोड़ पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई और वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस वाहन की मदद से दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश बेलवाल ने घायल को सीएचसी भेजा। डाक्टर तैयब ने घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। डाक्टर ने बताया कि वसीम की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि जिस तरह से हादसा हुआ, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को संभवतः नींद का झोंका आया होगा और कार का एक पहिया डिवाइडर पर चढ़ गया। कार उछली और करीब 15 फीट उंचे पोल से जा टकराई। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

खेत में दुबके मिले गुलदार के दो शावक

हल्द्वानी। रामपुर रोड स्थित हरिपुर मोतिया गांव के एक खेत में सोमवार सुबह गुलदार के दो शावक दिखने से क्षेत्रवासियों के लिए कौतूहल मच गया। वन विभाग की टीम शावकों की सुरक्षा में जुटी हुई है। क्षेत्रवासी मनोहर चन्द्र बड़शिलिया ने बताया कि रविवार शाम को उनके घर के पास के खेत में गुलदार दिखाई दिया था। सोमवार सुबह वह घर के आसपास की झाड़ियां काट रहे थे, तभी एक खेत के किनारे उन्हें गुलदार के दो शावक दिखाई दिए। इसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। इधर, कौतूहलवश शावकों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ वहां जुटने लगी। मौके पर पहुंचे तराई केंद्रीय वन प्रभाग के डीएफओ यूसी तिवारी, एसडीओ गंगा बुढलाकोटी, भाखड़ा रेंज के रेंजर नवीन रौतेला समेत वन विभाग की टीम ने लोगों को मौके से हटाया। डीएफओ तिवारी ने बताया कि शावकों से बिछुड़ने पर मादा गुलदार के हिंसक होने का खतरा रहता है। इस लिए शावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके पर कैमरा ट्रैप लगा दिए गए हैं। साथ ही वन विभाग की एक टीम को मौके पर तैनात किया गया है, ताकि शावकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इसकी बहुत ज्यादा उम्मीद है कि मादा गुलदार अपने शावकों को रात के वक्त आकर अपने साथ कहीं और ले जाए।

अजमेर, बांग्लादेश, मणिपुर और संभल पर चर्चा की मांग, राज्यसभा में फिर व्यवधान

नई दिल्ली, राज्यसभा में सोमवार को एक बार फिर जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने सोमवार को अजमेर शरीफ दरगाह, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, मणिपुर में कानून व्यवस्था, दिल्ली की कानून व्यवस्था और उत्तर प्रदेश के संभल की स्थिति पर चर्चा की मांग की। चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सांसद चाहते थे कि राज्यसभा में नियम 267 के तहत बहस कराई जाए। हालांकि सोमवार को भी पूर्व की भांति सभापति ने इसकी स्वीकृति नहीं दी। इसके कारण सदन में काफी हंगामा हुआ। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही को कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा। राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे एक बार फिर से प्रारंभ हुई। इसके साथ हंगामा दोबारा शुरू हो गया। इसको देखते हुए सभापति ने कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी। गौरतलब है पिछले सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र प्रारंभ हुआ था। तब से अब तक एक दिन भी सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी है। सोमवार को राज्यसभा में चर्चा के लिए विपक्ष के कई सदस्यों ने नोटिस दिया था। सभापति जगदीप धनखड़ ने इस संबंध में बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत चर्चा के लिए सांसदों के नोटिस मिले हैं। रामजीलाल सुमन, जावेद अली, एए रहीम व नीरज डांगी आदि सांसदों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा और कानून व्यवस्था की स्थिति पर राज्यसभा में चर्चा मांग सभापति के समक्ष रखी थी। विपक्ष के राज्यसभा सांसद तिरुचि शिवा व अजीत कुमार ने मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा का नोटिस दिया था। आम आदमी पार्टी के सांसद चाहते थे कि दिल्ली में बढ़ते अपराध को लेकर चर्चा हो। वहीं अनिल कुमार, इमरान प्रतापगढ़ी, नीरज डांगी जैसे सांसद अजमेर दरगाह से संबंधित विवाद पर राज्यसभा में चर्चा चाहते थे। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चर्चा की मांग की। एक अन्य सांसद शिवदासन, वायनाड के लिए स्पेशल पैकेज पर चर्चा की मांग कर रहे थे। विपक्ष के सांसदों की मांग थी कि नियम 267 के तहत यह चर्चा कराई जाए। नियम 267 के तहत चर्चा होने पर सदन के अन्य सभी कार्यों को स्थगित कर दिया जाता है। इसके साथ ही इस नियम में चर्चा के अंत में मत विभाजन भी कराया जा सकता है। संसद सत्र प्रारंभ होने के साथ से ही विपक्ष के सांसद नियम 267 के अंतर्गत चर्चा की मांग कर रहे हैं। लेकिन बीते सप्ताह सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी। सोमवार को भी नियमों का हवाला देते हुए सभापति ने नियम 267 के अंतर्गत चर्चा कराए जाने से इनकार कर दिया। वहीं विपक्षी सांसदों की मांग थी कि विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत ही चर्चा कराई जाए। ऐसा न होने पर विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा व नारेबाजी शुरू कर दी। सदन में हंगामे और नारेबाजी को देखते हुए सभापति ने सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे और फिर मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी। सभापति का कहना है कि नियम 267 के तहत चर्चा कराए जाने की बात बार–बार उठाई गई है। लेकिन इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। इस पर विपक्षी सांसदों का हंगामा और तेज हो गया, इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

वाहन की टक्कर से सेवानिवृत्त वनकर्मी समेत दो की मौत

ऋषिकेश। रानीपोखरी–जौलीग्रांट मार्ग पर मॉर्निंग वॉक पर निकले सेवानिवृत्त वनकर्मी समेत दो लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल हालत में उन्हें राहगीरों ने डोईवाला स्थित सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचाया, लेकिन इसी बीच दोनों ने दम तोड़ दिया। आरोपित को ढूंढने के लिए पुलिस अब क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रही है। डोईवाला कोतवाली पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे के आसपास हुई है। 75 वर्षीय बीर सिंह निवासी अठूरवाला, जौलीग्रांट और 65 वर्षीय दलपति सिंह निवासी जोगीयाणा, जौलीग्रांट सुबह रानीपोखरी–जौलीग्रांट मार्ग पर मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसी बीच उन्हें अज्ञात वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। वहां से गुजर रहे लोगों ने बीर सिंह और दलपति सिंह को घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा देखा और पुलिस को सूचना देते हुए डोईवाला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डोईवाला कोतवाल विनोद गुसाईं के अनुसार, दलपति सिंह सेवानिवृत्त वनकर्मी थे। शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

दो शिक्षकों को पांच वर्ष का कठोर कारावास

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग में फर्जी डिग्री के आधार पर तैनात दो शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही फर्जी डिग्री के आधार पर छल व कपट से नौकरी प्राप्त करने के संबंध में दोषी करार पाते हुए 05-05 वर्ष की कठोर कारावास की सजा तथा 10 हजार रुपए के अर्थदंड जुर्माने से भी दंडित किया गया है। जनपद में तैनात फर्जी शिक्षक वीरेंद्र सिंह पुत्र जीत सिंह एवं रघुवीर सिंह बुटोला पुत्र भगत सिंह द्वारा अपनी बीएड की फर्जी डिग्री के आधार पर शिक्षक की नौकरी प्राप्त की गई। शिक्षा विभाग के एसआईटी एवं विभागीय जांच के अनुसार उक्त दोनों शिक्षकों को दो पृथक-पृथक फौजदारी मामलों में अलग-अलग वर्षों में प्राप्त फर्जी बीएड की डिग्री से नौकरी प्राप्त करने पर उनकी बीएड की डिग्री का सत्यापन कराया गया। इसके बाद चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से जांच आख्या प्राप्त हुई, जिसमें उपरोक्त दोनों फर्जी शिक्षकों के द्वारा कोई भी बीएड की डिग्री जारी नहीं हुई पाई गई। शासन द्वारा एसआईटी जांच के उपरांत दोनों शिक्षकों पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी के न्यायालय द्वारा उक्त फर्जी शिक्षकों को फर्जी डिग्री के आधार पर छल व कपट से नौकरी प्राप्त करने के संबंध में दोषी करार पाते हुए अभियुक्तों को धारा-420 भारतीय दंड संहिता, 1860 के अंतर्गत 05-05 वर्ष की कठोर कारावास की सजा तथा दस हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है। साथ ही जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है।

मुस्लिम युवक ने शिवलिंग पर लगाया खून, इलाके में तनाव, पुलिस फोर्स तैनात

हरिद्वार। हरिद्वार के रुड़की में एक मुस्लिम युवक की हरकत पर बवाल मच गया है। बताया जाता है कि रविवार को दोपहर के वक्त रुड़की थाना क्षेत्र के जौरासी गांव में एक मंदिर में शिवलिंग पर खून पाए जाने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। आरोप है कि दोपहर लगभग 3.30 बजे आरोपी इलियास कुरैशी ने महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर खून लगा दिया। इसके बाद इलाके में जैसे ही यह खबर फैली कि आरोपी इलियास ने शिवलिंग को अपवित्र कर दिया है, हिंदू समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए। आलम यह कि इलाके में फोर्स तैनात कर दी गई है। आरोपी जौरासी गांव का ही निवासी बताया जाता है। आरोपी की उम्र 40 साल है। रुड़की थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने इलियास को गिरफ्तार कर लिया है। इलियास पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 298 (धर्म का अपमान करने की नीयत से पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना) की धाराओं में केस दर्ज हुआ है। जौरासी गांव के निवासी और ग्राम सभा के सदस्य शिकायतकर्ता अंकित सैनी ने कहा कि 1 दिसंबर को दोपहर 3.30 बजे के आसपास इलियास कुरैशी ने जानबूझकर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर खून लगाया। आरोपी ने शिवलिंग को अपवित्र किया जिससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। आरोपी ने गांव में माहौल खराब करने की कोशिश की है। आरोपी को शिवलिंग पर खून लगाते वक्त गांव के आशीष सैनी, सुमित, विशाल, दौलत ने पकड़ लिया।शिकायतकर्ता अंकित सैनी ने कहा कि आरोपी ने कृत्य स्वीकार कर लिया है। ऐसे में उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं रुड़की थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने इस घटना पर कहा कि ग्राम सभा सदस्य की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह हिन्दू मंदिरों में जाता है। लेकिन, जांच टीम को उसकी हरकतें संदिग्ध लग रही हैं। ऐसा लग रहा है कि शिवलिंग पर जानबूझकर खून डाला गया था। रुड़की थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि जांच टीम वारदात की छानबीन कर रही है। गांव में दोनों समुदायों की बैठक हुई है। लोगों ने फैसला किया है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बता दें कि इसी साल जुलाई महीने में हरिद्वार जिला पुलिस ने विक्रेताओं, भोजनालयों, ढाबा, रेस्तरां और होटल मालिकों को अपने दुकानों या प्रतिष्ठानों पर दुकानदार या मालिक का नाम लगाने का निर्देश जारी किया था जिस पर काफी विवाद हुआ था। यह मामला भी पूरे देश में सुर्खियों में रहा था।

टी सीरीज कंपनी की ट्रस्ट से हड़पे 85 लाख, पांच पर केस दर्ज

हरिद्वार। टी सीरीज कंपनी के दिवंगत संस्थापक गुलशन कुमार की ट्रस्ट से भूमि बेचने के नाम पर 85 लाख रुपये हड़प लिए गए। ट्रस्ट के प्रतिनिधि ने पांच सगे भाइयों पर धोखाधड़ी सहित प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। ज्वालापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गुलशन कुमार चैरिटेबल ट्रस्ट व्हाईट हाउस अंसारी रोड दरिया गंज नई दिल्ली के प्रतिनिधि रमेश चंद्र भट्ट निवासी सेक्टर–20 नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर ने इस मामले में एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल को तहरीर दी। शिकायत में बताया कि उनकी ट्रस्ट को हरिद्वार में भूमि की तलाशी थी। इस सिलसिले में उनकी मुलाकात मई 2022 कुलदीप सिंह, उसके भाई कुलजीत सिंह, निर्मल सिंह, जुजार सिंह, मलागार सिंह निवासीगण ग्राम हरदेवपुर सहदेवपुर उर्फ रानी माजरा पोस्ट शाहपुर शीतला खेड़ा से हुई थी। बताया कि पांचों लोगों ने गांव में अपनी भूमि दिखाकर उसे बेचने की बात कही थी।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का कार्य अन्तिम चरण में

सीएम धामी ने किया दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को डाट काली मंदिर देहरादून में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने एक्सप्रेस वे के निर्माण में इस्तेमाल हो रही आधुनिक तकनीकों और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का कार्य अन्तिम चरण में हैं। इस एक्सप्रेसवे का तेजी से निर्माण होने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस वे के पूर्ण होने पर देहरादून से दिल्ली का सफर मात्र दो से ढ़ाई घण्टे में पूर्ण हो जायेगा। इससे जहां लोगों का आवागमन सरल होगा। वहीं चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को और सुगमता होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की आर्थिकी को बढ़ाने, पयर्टन और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भी यह प्रोजेक्ट सहायक सिद्ध होगा। इस प्रोजेक्ट में इकोलॉजी और इकोनॉमी का समन्वय करते हुए एशिया का सबसे बड़ा वाइल्डलाइफ कॉरिडोर भी बनाया गया है, जो वन्यजीवों की सुरक्षा एवं उनकी आवाजाही को मुक्त और पूर्ण तरीके से सुरक्षित बनाएगा।

मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध दो दिन और बढ़ा

मणिपुर सरकार ने एहतियात कदम उठाया

इंफाल, मणिपुर सरकार ने एहतियाती कदम उठाते हुए अशांत जिरीबाम जिले सहित नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं का निलंबन दो दिन के लिए बढ़ा दिया।

गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर को कांगपोकपी जिले से एक व्यक्ति के लापता होने की घटना को छोडक़र 18 नवंबर से नौ जिलों में से किसी भी जिले से किसी बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली है, लेकिन एहतियात के तौर पर मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं के निलंबन को दो और दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।

गृह आयुक्त एन. अशोक कुमार ने अपने आदेश में कहा, राज्य में कानून–व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, इस आशंका पर कि कुछ असामाजिक तत्व लोगों की भावनाओं को भडक़ाने वाली तस्वीरें, अभद्र भाषा और नफरत भरे वीडियो संदेश प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे कानून–व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। एहतियाती उपाय के तौर पर, राज्य सरकार ने मोबाइल इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं पर अस्थायी निलंबन लगाया है।

नौ जिलों – इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी, चुराचांदपुर, जिरीबाम और फेरजावल – में मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं का निलंबन 3 दिसंबर को शाम 5.15 बजे तक प्रभावी रहेगा।

गत 15 और 16 नवंबर को जिरीबाम जिले में लापता तीन बच्चों और तीन महिलाओं के शव बरामद होने के बाद, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम सहित घाटी के जिलों में 16 नवंबर से भीड़ द्वारा मंत्रियों, विधायकों और राजनीतिक नेताओं के घरों और बंगलों पर व्यापक हिंसा के बाद मुख्य सचिव विनीत जोशी ने इन जिलों में दो दिन के लिए मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया था।

तब से पिछले 17 दिन से मोबाइल इंटरनेट और डेटा सेवाओं का निलंबन समय–समय पर बढ़ाया जाता रहा है।

हालांकि, दो सप्ताह के बंद के बाद, छह जिलों में स्कूलों और विश्वविद्यालयों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में 29 नवंबर से नियमित कक्षाएं फिर से शुरू हुईं। हिंसा प्रभावित छह जिलों – इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर, काकचिंग और जिरीबाम में कर्फ्यू प्रतिबंधों में भी ढील दी गई। हालांकि, जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार, किसी भी सभा या रैली के लिए अभी भी सक्षम अधिकारियों से पूर्वानुमति की आवश्यकता है।

भारतीय नौसेना को जल्द मिलेंगे 26 राफेल नेवल वेरिएंट विमान

नईदिल्ली, भारतीय नौसेना के बेड़े में जल्द ही 26 राफेल नेवल वेरिएंट विमान शामिल होंगे. नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नेवी डे (4 दिसंबर) से पहले वार्षिक प्रेस कांफ्रेंस में इस महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया. उन्होंने बताया कि इस संबंध में अगले महीने कैबिनेट कमेटी ऑफ सिक्योरिटी की मंजूरी के बाद डील साइन होगी. एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना लंबे समय से आईएनएस विक्रांत पर अत्याधुनिक फा–इटर जेट की तैनाती का इंतजार कर रही थी. पिछले साल जुलाई में रक्षा मंत्रालय ने राफेल एम नेवल वर्जन की खरीद को मंजूरी दी थी. इस सौदे के पूरा होने से भारतीय नौसेना की ताकत में अभूतपूर्व इजाफा होगा. फिलहाल भारतीय नौसेना रूस निर्मित मिग–29के फाइटर जेट का इस्तेमाल करती है. नई डील से नौसेना को उच्च तकनीक वाले विमानों से लैस करने में मदद मिलेगी. नेवी चीफ ने यह भी बताया कि फिलहाल 62 शिप और एक सबमरीन निर्माणाधीन हैं, जबकि 31 और जहाजों का भविष्य मे निर्माण करने की योजना है. इसके अलावा, चेतक हेलीकॉप्टर की जगह 60 नए हेलीकॉप्टर शामिल करने की योजना भी बनाई जा रही है. प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडमिरल त्रिपाठी ने हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की बात कही. उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना चीनी सर्वे वेसल और युद्धपोतों के मूवमेंट पर लगातार नजर बनाए हुए है.

संसद का घेराव करने निकले किसान

आरएएफ और वज्र वाहन ने रोका रास्ता, ड्रोन से निगरानी

नोएडा, संसद का घेराव करने के लिए निकले किसान महामाया फ्लाईओवर के पास इक्ठा हो गए हैं और यहां से वह अब दिल्ली की तरफ कूच करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन महज 100 मीटर आगे जाते ही पुलिस ने किसानों को रोक दिया और वे वहीं धरने पर बैठ गए हैं। पुलिस ने नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे को महामाया के पास दोनों तरफ से बंद कर दिया है और आरएएफ और वज्र वाहन लगाकर दलित प्रेरणा स्थल के पास रोड को पूरी तरीके से ब्लॉक कर दिया गया है। इसके अलावा महामाया फ्लाईओवर से चिल्ला बॉर्डर तक की सडक़ को भी बंद कर दिया गया है। पुलिस ने नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल के पास ट्रक और क्रेन लगाकर अवरोध खड़ा कर दिया है, ताकि किसान अपना ट्रैक्टर लेकर आगे न बढ़ पाएं। इसके अलावा पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है और सेक्टर 18 की तरफ से ग्रेटर नोएडा जाने वालों को मोड़ा जा रहा है। ग्रेटर नोएडा जाने वाले रूट को सेक्टर 18 से डायवर्ट किया गया।

चीन के समर्थन से पाकिस्तान बढ़ा रही अपनी नौसेना की ताकत, सेना प्रमुख का दावा

नईदिल्ली,भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को दावा किया कि पाकिस्तान चीन के समर्थन से अपनी नौसेना ताकत को बढ़ा रहा है।त्रिपाठी ने नौसेना दिवस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम पाकिस्तानी नौसेना की आश्चर्यजनक वृद्धि से अवगत हैं। उनका लक्ष्य 50 जहाजों वाली सेना बनना है। उनकी अर्थव्यवस्था को देखें तो, यह आश्चर्यजनक है कि वे इतने जहाज कैसे बना या खरीद रहे? उन्होंने अपने लोगों के कल्याण के बजाय हथियारों को चुना है।

एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, चीन के समर्थन से पाकिस्तान की नौसेना के कई युद्धपोत और पनडुब्बियां बनाई जा रही हैं, जो यह दिखाता है कि चीन पाकिस्तान की नौसेना को मजबूत बनाने में दिलचस्पी ले रहा है। उनकी 8 नई पनडुब्बियां पाकिस्तानी नौसेना के लिए महत्वपूर्ण युद्ध क्षमताएं होंगी, लेकिन हम उनकी क्षमताओं से पूरी तरह अवगत हैं। इसलिए हम अपने पड़ोसियों से सभी खतरों से निपटने में सक्षम होने के लिए अपनी अवधारणाओं में बदलाव कर रहे हैं।

एडमिरल त्रिपाठी ने आगे कहा, हम चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नौसेना, उनके युद्धपोतों और उनके अनुसंधान जहाजों सहित क्षेत्र–बाह्य ताकतों पर नजर रख रहे हैं और जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं और इस समय कहां हैं? महासागर सबके लिए खुले हैं और कोई भी इसमें काम कर सकता है, लेकिन जब तक वे हमारी सुरक्षा को प्रभावित न करें, तभी तक। हमारे पास महासागरों में गतिविधियों की निगरानी के लिए स्थापित और प्रभावी संरचना है।

पांच दिसंबर तक दिल्ली–एनसीआर में लागू रहेगा ग्रैप–4

नईदिल्ली,सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली–एनसीआर में गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) ग्रैप–4 को सही से लागू नहीं करने को लेकर चिंता व्यक्त की. कोर्ट ने कहा कि हवा की गुणवत्ता के खतरनाक स्तर के बावजूद, जीआरएपी चरण 4 के तहत उल्लिखित उपायों के गंभीर क्रियान्वयन में कमी रही है, जो तब शुरू होता है जब वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर जाती है. ऐसे में दिल्ली–एनसीआर में ग्रैप 4 पाबंदियां गुरुवार, 5 दिसंबर तक लागू रहेंगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पहले देखना चाहता है कि प्रदूषण के स्तर में कितनी गिरावट आई है. ग्रैप 4 पाबंदियों के चलते निर्माण कार्य रुकने से प्रभावित मज़दूरों को मुआवजा देने में राज्यों के ढीले रवैये से कोर्ट नाखुश दिखा.

आईआरएस ट्रेनी अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

द्रौपदी मुर्मू बोलीं– हमेशा ईमानदारी से काम करना होगा

नई दिल्ली,। भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के ट्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजस्व सेवा हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। आईआरएस अधिकारी भारत सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के टैक्स कर प्रशासन (टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन) के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बदलते सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा। दूसरे देशों के साथ व्यापार सुगमता समझौतों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) देश को आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे के निर्माण, सामाजिक–आर्थिक योजनाओं को चलाने, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए संसाधन उपलब्ध कराती है। इस तरह यह सेवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपनी भूमिका अच्छे से निभाने के लिए उन्हें ऐसे सिस्टम और प्रक्रियाएं विकसित करने की जरूरत है जो पारदर्शी हो और जवाबदेही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह (टैक्स कलेक्शन) में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने की कोशिश की जानी चाहिए।

सम्पादकीय

भ्रष्टाचार पर अंकुश

प्रदेश सरकार ने सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस विषय पर काफी गंभीर है और उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में ही सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के खिलाफ कड़े एक्शन लेकर संकेत दे दिए थे कि भ्रष्ट अधिकारी के लिए व्यवस्थाओं में कोई जगह नहीं है। राज्य सतर्कता विभाग ने पिछले कुछ समय में सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद बड़े स्तर पर कार्रवाई की है जिसमें जीएसटी के आला अधिकारियों से लेकर बिजली विभाग एवं दूसरे विभागों में भ्रष्टाचारी कर्मचारियों को ट्रैक किया गया है। ये प्रकरण बताते है कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ही विकास नगर में भी एक अभियंता को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। वास्तविकता तो यह है कि भ्रष्टाचार उन्मूलन की व्यवस्था तभी कारगर साबित हो सकती है जब कोई जनता विभागों में तैनात भ्रष्ट कर्मचारियों की शिकायत विजिलेंस या फिर सरकार तक पहुंचाएं। आमजन के सहयोग के बिना भ्रष्टाचार पर रोकथाम लगाने की बात सोची भी नहीं सकती है, लेकिन अधिकांश मामलों में अपना कार्य निकालने के लिए अक्सर रिश्वत के लेनदेन का खेल बेशर्मी के साथ चलता ही रहता है। समस्या यह है कि भ्रष्टाचार रोकने के लिए विभाग के किस स्तर के अधिकारी को तैनात किया जाए जबकि पिछले कुछ मामलों में उच्च पदों पर बैठे अधिकारी ही भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी में लिप्त पाए गए हैं। सरकारी विभागों में लोग अपना काम करने के लिए स्वयं रिश्वत देने की राह पर चलते हैं, जिससे रिश्वतखोरों का साहस और खुल जाता है। मलाईदार पद और विभाग हो तो अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए फिर मौज ही मौज है। एक कटु सत्य तो यह भी है कि भ्रष्टाचार पर कभी भी पूर्ण रूप से रोकथाम नहीं लग सकता। विजिलेंस या फिर सरकार भी इसे मामलों में तभी कार्रवाई कर सकती है जब कोई ठोस शिकायत उस तक पहुंचे। खाने को तो देश भर में राज्य सरकारों द्वारा पारदर्शी प्रशासन एवं भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्थाओं का दावा किया जाता है लेकिन व्याप्त भ्रष्टाचार एवं पकड़े जाने वाले मामलों में जमीन आसमान का अंतर है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार की ओर से जनहित से जुड़े कई कायी में अब ऑनलाइन या फिर सिंगल डोर सिस्टम की व्यवस्था लागू की गई है लेकिन सरकारी काम के घाघ कर्मचारियों ने इसमें भी अपनी कमाई का रास्ता खोज ही निकला है। आवेदन या फिर सरकारी कार्य चाहे ऑनलाइन फिट किया जाए या फिर मैन्युअल, कागज तो आखिरकार सरकारी कर्मचारियों की टेबल से ही गुजारनी है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए यह जरूरी है कि हर कार्य कार्य की समय बाध्यता निश्चित कर दी जाए, अन्यथा तब तक भ्रष्टाचार के यह मामले सामने आते रहेंगे। साथ ही सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह होगा कि सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों को आरोप सिद्ध होने पर तुरंत सेवा मुक्त करे ताकि दूसरे कर्मी भ्रष्टाचार में अपने हाथ रंगने से पहले अंजाम के लिए भी तैयार रहें।

शांति कायम होने की खुशी लेकिन साथ–साथ डर भी

श्रुति व्यास

पश्चिम एसिया में तनिक शांति लौटी है। पिछले 14 महीनों से हिज़्बुल्लाह और इजराइल की तकरार, लड़ाई कल थमी। हजारों विस्थापित लेबनानियों ने बेरूत और दक्षिणी लेबनान में युद्ध से बर्बाद और लगभग वीरान बस्तियां में लौटना शुरू किया है। शांति कायम होने की खुशी है। लेकिन साथ–साथ डर भी है। सीमा के दोनों ओर इस बात की चिंता है कि युद्धविराम कायम रहेगा या नहीं? । आशा है कि 60 दिन का यह युद्धविराम और लम्बा हो जाएगा।

अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हुए इस समझौते झ जिसे इजराइल और लेबनान की सरकारों ने स्वीकार किया है– के अनुसार इजराइल अपनी सेना लेबनान से हटा लेगा। हिज़्बुल्लाह अपने लड़ाकों को दक्षिण लेबनान से बाहर भेज देगा। लेकिन इसकी समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि बहुत कुछ आगे के घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिज़्बुल्लाह की किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्यवाही का माकूल जवाब देने का अधिकार इजराइल सुरक्षित रखता है।

इस बीच हिज़्बुल्लाह, जो पहले इस बात पर जोर देता था कि लेबनान का भविष्य गाजा से जुड़ा हुआ है , ने अपने ईरानी आकाओं के आशीर्वाद (और प्रोत्साहन) से अपना रवैया बदला और गाजा में चल रहे युद्ध से अपने को अलग करते हुए समझौता किया है। हिज़्बुल्लाह ने किसी से भी सलाह–मशविरा किए बिना इजराइल पर राकेट दागने का खतरनाक फैसला किया था। इस भिडंत ने लेबनान को पिछले कई दशकों के सबसे भयावह युद्ध में धकेल दिया। इससे हिज़्बुल्लाह लेबनान में और पूरे पश्चिमी एशिया में अलग–थलग पड़ा।

अब लेबनान के सामने अपने शहरों को फिर से बनाने की बड़ी चुनौती है। दुश्मन के शिविर में जासूसों के ज़रिये घुसपैठ कर इजराइल, हिजबुल्लाह के महासचिव आसीन हसन नसरूल्लाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं की हत्या करवाने में सफल रहा है। इजराइल ने इस संगठन के प्रति वफादार लोगों की बस्तियों पर बम हमले किए जिससे लाखों लोग अपने घर छोडक़र भागने का मजबूर हुए। दर्जनों गांवों को बम से उड़ा दिया गया जिसके चलते बहुत से लोगों के सामने अब मुसीबत यह है कि अगर वे तुरंत वापिस आना चाहें भी तो उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है।

लेकिन हिज़्बुल्लाह के लड़ाके और समर्थक अभी भी लेबनान में मौजूद हैं। वापिस लौटने वाले लोग हिज़्बुल्लाह के पीले झंडे लहराकर यह संकेत दे रहे थे कि यह हिज़्बुल्लाह की जीत है। हिज़्बुल्लाह युद्धविराम को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत कर रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि हिज्बुल्लाह बुरी तरह तबाह है और उसके लिए अपनी पूर्व की शक्ति हासिल करना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए हिज़्बुल्लाह के लेबनान में और अन्य स्थानों पर मौजूद विरोधियों को उम्मीद है कि उसके कमजोर हो जाने से वह अब देश के राजनीतिक तंत्र पर अपनी मर्जी लादने में सक्षम नहीं रहेगा। हालांकि यह देखना होगा कि कितने राजनैतिक दलों की इतनी हिम्मत होगी कि वे एक कमजोर हो चुके हिज़्बुल्लाह को भी चुनौती दे सकें।

जहां तक इजराइल का सवाल है, बेंजामिन नेतन्याहू कईयों के विरोध के बावजूद युद्धविराम को स्वीकार करने के लिए बाध्य हुए है। देश में और दुनिया में उनकी छवि बिगड़ती जा रही थी और उन्हें आलोचनाओं की मार झेलनी पड़ रही थी। इसके अलावा इजराइल लड़ते–लड़ते थकावट महसूस करने लगा था। सेना के लिए दो मोर्चों पर लड़ते हुए मजबूत स्थिति बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा था। युद्धविराम के बाद सेना अपना ध्यान बड़े युद्ध पर केन्द्रित रख पाएगी। नेतन्याहू ने लेबनान में युद्धविराम के लिए राजी होने की वजह यह बताई कि अब वे "ईरानी खतरे पर ध्यान केन्द्रित" कर पाएंगे। हालांकि उन्होंने यह साफ करने से इंकार कर दिया कि इससे उनका क्या आशय है।

राष्ट्रपति बाइडन ने युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे गाजा पट्टी में चल रहे हमास और इजराइल के युद्ध को रूकवाने की राह बनेगी। हालांकि इसके लिए पिछले कुछ महीनों में किए गए कूटनीतिक प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकला है। लेकिन बाइडन की उम्मीद अभी भी कायम है। अब उनके कार्यकाल का दो माह से भी कम समय बचा है और सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा है कि अमेरिका आने वाले दिनों में गाजा में युद्ध विराम करवाने का 'एक और प्रयास' करेगा।

लेकिन जब वे ये उम्मीद भरी बात लिख रहे थे, उसी दौरान इजराइल ने गाजा के कई दर्जन इलाकों पर हमला किया और उन्हें हमास के सैन्य ठिकाने बताया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इन हमलों में कम से कम 33 लोग मारे गए और 134 अन्य घायल हुए। नेतन्याहू गाजा में युद्ध जारी रखने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं। यह दृढ़ता अभी तो बीबी को सत्ता में बनाए रख सकती है किंतु ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद यह उन्हें भारी पड़ सकती है।

ट्रंप ने नेतन्याहू से साफ शब्दों में कह दिया है कि वे चाहते हैं कि 20 जनवरी को उनके ओवल आफिस में काम संभालने के पहले लड़ाई बंद हो जाए। क्या नेतन्याहू झुकेंगे? या जो बाइडन यूरोप की मदद लेकर, ट्रंप के उछल–कूद शुरू होने के पहले इस बवाल को रोकने में सफल हो पाएंगे?

किसी भी युद्ध में शांति कायम करना सबसे मुश्किल काम होता। लेकिन हर युद्ध का रुकना, भले ही वह कुछ अर्से के लिए हो, उम्मीद तो जगाता ही है।

> अब लेबनान के सामने अपने शहरों को फिर से बनाने की बड़ी चुनौती है। दुश्मन के शिविर में जासूसों के ज़रिये घुसपैठ कर इजराइल, हिजबुल्लाह के महासचिव आसीन हसन नसरूल्लाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं की हत्या करवाने में सफल रहा है। इजराइल ने इस संगठन के प्रति वफादार लोगों की बस्तियों पर बम हमले किए जिससे लाखों लोग अपने घर छोडक़र भागने का मजबूर हुए। दर्जनों गांवों को बम से उड़ा दिया गया जिसके चलते बहुत से लोगों के सामने अब मुसीबत यह है कि अगर वे तुरंत वापिस आना चाहें भी तो उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन हिज़्बुल्लाह के लड़ाके और समर्थक अभी भी लेबनान में मौजूद हैं। वापिस लौटने वाले लोग हिज़्बुल्लाह के पीले झंडे लहराकर यह संकेत दे रहे थे कि यह हिज़्बुल्लाह की जीत है। हिज़्बुल्लाह युद्धविराम को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत कर रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि हिज्बुल्लाह बुरी तरह तबाह है और उसके लिए अपनी पूर्व की शक्ति हासिल करना बहुत मुश्किल होगा।

पुतिन की वचनबद्धता खत्म

रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस "नाटो के हमलों" से खुद को खतरे में पाएगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा।इस हफ्ते की दो घटनाओं ने तीसरे विश्व युद्ध को दुनिया के और करीब ला दिया है। पहले अमेरिका में निवर्तमान जो बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल का अधिकार दे दिया। उसकी प्रतिक्रिया में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने देश का परमाणु अस्त्र सिद्धांत बदलने के आदेश पर दस्तखत कर दिए। अमेरिका ने जब इन मिसाइलों की सप्लाई यूक्रेन को की थी, तभी पुतिन सरकार रूस की संसद ड्यूमा से परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित करा लिया था। एटीएसीएमसी अति–आधुनिक मिसाइलें हैं, जिनसे दुश्मन को भारी क्षति पहुंचाई जा सकती है। रूसी विशेषज्ञों के मुताबिक इन मिसाइलों को संचालित करने की क्षमता यूक्रेन के सैनिकों में नहीं है, इसलिए इन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ सैनिक भी नाटो के सदस्य देशों से भेजे गए हैं। पुतिन ने कहा था कि इन मिसाइलों से हमले का मतलब नाटो सेनाओं की यूक्रेन में सीधी भागीदारी होगी, जिससे पौने तीन साल से जारी इस जंग का स्वरूप बदल जाएगा। तब रूस यह मानेगा कि उसकी सीधे नाटो से जंग चल रही है। इस क्रम में नाटो के हर सदस्य देश उसके निशाने पर होंगे। परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन के तहत रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस "नाटो के हमलों" से खुद को खतरे में महसूस करेगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगा। इस तरह यूक्रेन युद्ध ने बेहद गंभीर और खतरनाक रूप ले लिया है। राहत की बात सिर्फ यह है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टीम ने एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल की इजाजत देने के बाइडेन प्रशासन के निर्णय की आलोचना की है। ऐसे में यह संभव है कि कोई अत्यंत खतरनाक कदम उठाने से पहले रूस अगले 20 जनवरी को ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश का इंतजार करे। ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध रोकने का इरादा जताया हुआ है। वे अपने इस चुनावी वादे पर कायम रहे, तो दुनिया महाविनाश से बच जाएगी। वरना, संभावित स्थितियों की कल्पना भी भयावह लगती है।

महायुति के रूप में चुनाव लडऩे को हुए मजबूर

ओमप्रकाश मेहता

देश अभी भी राष्ट्रवादी की आंधी से काफी दूर है और क्षेत्रवाद अभी भी भारतीय राजनीति में सिर चढक़र बोल रहा है, यह संदेश फिर एक बार हाल ही में सम्पन्न दो राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है, साथ ही इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने आज के प्रमुख राजनीतिक दलों की स्थिति को भी स्पष्ट कर दिया है। कौन सा दल कितने गहरे पानी में है, उसकी अहमियत क्या रह गई है, उसे जन समर्थन कितना प्राप्त है, इन सब सवालों का जवाब देश के प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा 'महायुति' बनाकर चुनाव लडऩे से स्पष्ट हो रहा है, कभी देश में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ा करती थी और सरकारें बनाती थी, वे आज 'महायुति' के रूप में चुनाव लडऩे को मजबूर है, यही आज की राजनीति की मजबूरी है।हाल ही में महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव परिणामों ने जहां मोदी जी की कथित 'एक–छत्रता' की स्थिति को स्पष्ट कर दिया है वहीं देश का वास्तविक राजनीतिक चरित्र भी लाकर सामने खड़ा दिया है।आज जबकि देश की आजादी को करीब पचहत्तर साल का अरसा हो चुका है, तब यह महसूस किया जा रहा है कि अब देश का आम वोटर भी जागरूक होने लगा है और वह अब किसी लोभ–लालच या बहकावें से दूर रह कर अपने मताधिकार का उपयोग करने लगा है, श्री नरेन्द्र मोदी एक दशक से भी अधिक समय से प्रधानमंत्री है, किंतु झारखण्ड जैसा राज्य आज भी उनके प्रभाव से मुक्त है, अपने क्षेत्रिय हित को ध्यान में रखकर अपना राजनीतिक भविष्य तय कर रहा है, यही सही अर्थों में राजनीतिक जागरूकता का परिचायक है। इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दोनों राज्यों के मतदाताओं को अपनी अस्मिता से कितना लगा है, महाराष्ट्र ने जहां अपनी संस्कृति व राजनीतिक जागरूकता का परिचय देते हुए स्थानीय को महत्व देकर अपना मत प्रकट किया,

विकास के दावों के बीच भूख की त्रासदी झेलने के लिए लोग मजबूर

विश्वनाथ झा

यह अपने आप में एक बड़ा विरोधाभास है कि जिस दौर में दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के जरिए लगातार विकास का हवाला दिया जाता है, उसमें करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए खाना तक नहीं मिलता है। यह अफसोसनाक हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर विचार करने जरूरत को रेखांकित करता है कि इसकी दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है।गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को ह्यग्लोबल रिपोर्ट आन फूड ऋइसिसह्व यानी खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट में यह खुलासा किया कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग सन 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही।रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं।

इसके अलावा, बत्तीस देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के 3.6 करोड़ अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। साथ ही युद्ध और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बढ़ते विस्थापन के बीच पिछले वर्ष कुपोषण की समस्या और ज्यादा गहरी हो गई।सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे।दूसरा बड़ा कारण यह था कि बढ़ते तापमान या मौसम से संबंधित आपदाओं, कीटों के हमले और महामारी के बीच करीब सात करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा लोगों को उच्च स्तर की गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। इसी तरह, खाने–पीने की चीजों की महंगाई, आयातित खाद्य वस्तुओं पर निर्भरता, उच्च ऋण स्तर आदि वजहों से भी लोगों को भूख की समस्या से रूबरू होना पड़ा। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से या वैश्विक स्तर पर भुखमरी के लिए जिन कारणों को चिह्नित किया गया है, उसका हल निकालने की कोशिश किसे करनी है और वह कब होगा !यह एक जगजाहिर तथ्य है कि संयुक्त राष्ट्र या फिर अन्य संस्थाओं की ओर से विश्व भर में भूख के संकट पर अक्सर अध्ययन रपटें जारी की जाती हैं। उसमें कारण भी बताए जाते हैं।

मगर उन्हें दूर करने को लेकर बात औपचारिकताओं से आगे नहीं बढ़ पाती। अन्यथा क्या वजह है कि वर्षों से भुखमरी के हालात कायम रहने के बावजूद इस दिशा में अब तक कोई ठोस हल सामने नहीं आ सका है। उल्टे आर्थिक और सामरिक स्तर पर दुनिया के ताकतवर देश भुखमरी की त्रासदी की ओर ध्यान दिलाए जाने पर भी उसके समाधान को लेकर शायद ही कोई रुचि दिखाते हैं। गरीबी, जलवायु परिवर्तन आदि से उपजी समस्याओं से अगर कोई देश ज्यादा प्रभावित होता है तो सक्षम देश उनकी मदद के लिए क्या करते हैं? संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था के होते हुए भी युद्धग्रस्त इलाकों में ऐसे हालात कैसे लंबे समय तक बने रहते हैं और युद्ध को खत्म कराने के प्रयास महज दिखावे के क्यों साबित होते हैं कि लोगों के सामने भूख से तड़पने की नौबत आती है!

> सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे।

एक्ट्रेस से डायरेक्टर बनीं कैटरीना कैफ!

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ को पिछली बार मैरी क्रिसमस में नजर आई थी. यह फिल्म इसी साल 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खान नहीं चली. लेकिन कैटरीना कैफ की अभिनय को काफी सराहा गया. वहीं, अब कैटरीना कैफ के नए प्रोजेक्ट को लेकर फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. लेकिन खास बात ये है कि एक्ट्रेस इस बार डायरेक्टोरियल में डेब्यू करने जा रही हैं.

सोशल मीडिया पर कैटरीना कैफ के अपकमिंग प्रोजेक्ट का एक टीजर वायरल हो रहा है. वायरल टीजर में दमदार वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है. वायरल वीडियो की शुरुआत एक बर्फीले जगह से होती है, जहां कैटरीना तेज एयर बाइक चलाते हुए नजर आती हैं. इस दौरान कुछ ड्रोन की झलक दिखाई जाती है, जो एक्ट्रेस पर फायरिंग करती हैं. वीडियो के आखिरी में कैटरीना कैफ द्वारा निर्देशित लिखा हुआ आता है. फिलहाल ईटीवी भारत इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है.कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो को शियोमी का विज्ञापन बता रहे हैं. एक एक्स (पूर्व में ट्विटर) यूजर ने यह वीडियो साझा करते हुए लिखा है, कैटरीना अपने आगामी शियोमी विज्ञापन में एक्शन अवतार में. एक अन्य यूजर ने लिखा है, मैं इसके लिए काफी एक्साइटेट हूं. कैटरीना जल्द ही शियोमी के लिए आ रही हैं. वायरल हो रहे इस वीडियो की पूरी झलक कब रिलीज होगी और इसका नाम क्या है, इस पर अभी तक कोई भी सामने नहीं आई है. वहीं, कैटरीना कैफ की ओर से भी इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

बॉक्स ऑफिस पर द साबरमती रिपोर्ट ने लगाई लंबी छलांग

विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन पूरे हो चुके हैं और यह पहले दिन से ही दर्शकों के बीच मजबूती से खड़ी हुई है।पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई थी, लेकिन 15वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लंबी छलांग लगाई है।आइए जानते हैं 15वें दिन द साबरमती रिपोर्ट की कितनी कमाई हुई।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द साबरमती रिपोर्ट ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 24.15 करोड़ रुपये हो गया है।द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है, वहीं एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं।

गंभीर लौटे ऑस्ट्रेलिया, अब रचेंगे कंगारूओं को हराने का चक्रव्यूह

नई दिल्ली। पर्थ टेस्ट मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर वापस भारत आ गए थे। गंभीर निजी कारणों से भारत लौटे थे। दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू होगा और इस मैच से पहले गंभीर के टीम के साथ जुड़ने की खबरें थीं। गंभीर अब ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गए हैं और पिंक बॉल टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

भारत ने अभी हाल ही में कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री– 11 के खिलाफ दो दिन का अभ्यास मैच खेला था। इस मैच के दौरान गंभीर उपलब्ध नहीं थे। टीम इंडिया ने ये मैच अपने नाम किया। ये मैच डे–नाइट था जो गुलाबी गेंद से खेला गया था। वेबसाइट ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गए हैं और मंगलवार की सुबह यानी कल टीम के साथ जुड़ जाएंगे। गंभीर निजी कारणों से भारत आए थे। बताया जा रहा था कि उनके घर में किसी की तबीयत खराब है। गंभीर इसी कारण भारत लौटे थे, लेकिन अब सब ठीक है और वह ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए हैं। गंभीर की गैरमौजूदगी में सहायक कोच अभिषेक नायर, रयान डेन डोश्चेटे और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। ये भी सभी कैनबरा में खेले गए मैच में टीम के साथ थे और तैयारी में जुटे थे। कैनबरा में दो दिन का अभ्यास मैच था जो बारिश के कारण एक दिन का रह गया। इस मैच में हर्षित राणा ने 44 रन देकर चार विकेट लिए थे। वहीं पहले मैच में अंगूठे की चोट के कारण बाहर बैठे शुभमन गिल ने 62 गेंदों पर 50 रनों की पारी खेली थी।

मीरा राजपूत ने नवंबर में बिताए कुछ खास पलों को किया याद

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ नवंबर में बिताए गए कुछ खास पलों को शेयर किया।शाहिद कपूर की पत्नी अपनी एक खास पहचान रखती हैं। वह अपने जीवन से जुड़े खास पलों को अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। नवंबर खत्म होने से पहले मीरा ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में उन्हें अपने दोस्तों के साथ देखा जा सकता है। शेयर की गई फोटो में उनके स्किनकेयर रूटीन की झलक भी देखी जा सकती है।हाल ही में मीरा राजपूत अपने अभिनेता पति शाहिद कपूर के साथ एक पारिवारिक शादी में शामिल हुईं, जिसमें अभिनेता ने अपने जोशीले गाने गंदी बात पर अपने डांस मूव्स दिखाए। इस कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। एक क्लिप में कपूर को दुल्हन के साथ थिरकते हुए देखा गया।

21 नवंबर को जोड़े को एक शादी में देखा गया हैदर अभिनेता यहां क्लासिक ऑल–व्हाइट कुर्ता–पायजामा पहने दिखाई दिए। वहीं उनकी पत्नी मीरा एक साधारण लेकिन स्टाइलिश फ्लोरल ड्रेस में दिखाई दीं। शाहिद और मीरा ने 2015 में अरेंज मैरिज के साथ अपने शादीशुदा जीवन में कदम रखा। बता दें कि मीरा मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं। मीरा ने 2016 बेटी मीशा कपूर का जन्म दिया। 2018 में मीरा ने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने ज़ैन कपूर रखा।शाहिद अगली बार आगामी एक्शन–ड्रामा देवा में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। पहले यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। मगर अब यह 31 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी।इसकी घोषणा करते हुए निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आराम से बैठिए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है, देवा 31 जनवरी, 2025 सिनेमाघरों में आएगी। हम आपको उम्मीद से पहले यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर दिखाने के लिए उत्साहित हैं।

5 रन देकर झटके 4 विकेट, वेस्टइंडीज के गेंदबाज ने दिखाई गजब कंजूसी,

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम इस समय बांग्लादेश की मेजबानी कर रही है। दोनों टीमों के बीच किंग्सटन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है जिसका आज तीसरा दिन है। इस दिन वेस्टइंडीज के एक गेंदबाज ने ऐसी कंजूसी दिखाई है कि हर किसी को देख हैरानी हो जाए। सिर्फ इतना ही नहीं। रनों में कंजूसी के अलावा इस गेंदबाज ने विकेट भी जमकर लिए। वेस्टइंडीज के इस गेंदबाज का नाम है जेडन सील्स।सील्स ने बांग्लादेश की पहली पारी को 164 रनों पर ढेर करने में बड़ा रोल निभाया। उन्होंने 15.5 ओवर गेंदबाजी की और 10 मेडन ओवर फेंकते हुए चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने सिर्फ पांच रन ही दिए। ये आंकड़े हैरान करने वाले हैं। टेस्ट में इस तरह का इकॉनमी हासिल करना कमाल की बात है। सील्स का इकॉनमी 0.30 का रहा है जो टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में दूसरा बेस्ट इकॉनमी है।

दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच पहले टेस्ट में हुई मैच फिक्सिंग?

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच हाल ही में पहला टेस्ट मैच संपन्न हुआ। डरबन में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 233 रन के विशाल अंतर से मात देकर दो मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बनाई। हालांकि, इस मुकाबले में मैच फिक्सिंग की खबरों ने बल पकड़ा है। तेज गेंदबाज मार्को यानसेन के बयान से खलबली मच गई है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसेन ने कहा कि उनकी टीम के साथी गेराल्ड कोएत्जे ने उनसे बुकी का नाम पूछा क्योंकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने नो बॉल डालने के बाद तीन विकेट चटकाए। यह घटना श्रीलंका के खिलाफ मैच के दूसरे दिन की है। 24 साल के ऑलराउंडर ने कहा कि उन्होंने तुरंत इस तरह की खबरों को खारिज किया।

यानसेन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

याद दिला दें कि मार्को यानसेन ने श्रीलंका के खिलाफ पहली पारी में यादगार प्रदर्शन किया था। उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करे हुए केवल 13 रन देकर सात विकेट चटकाए। श्रीलंकाई टीम अपने टेस्ट इतिहास के सबसे छोटे स्कोर 42 रन पर ऑलआउट हुई। हालांकि, यानसेन के ओवर की हाइलाइट रही उनके पहले तीन विकेट।

24 साल के यानसेन ने फ्रंट–फुट की नो बॉल डालकर पाथुम निसंका, दिनेश चंडीमल और एंजेलो मैथ्यूज के विकेट लिए थे। मीडिया से बातचीत में यानसेन ने बताया कि वो शुरुआत में अपना गेंदबाजी मार्क सही नहीं बना पाए थे, जिसकी वजह से उनकी इतनी नो बॉल हुई।

यानसेन ने क्या कहा

मार्को यानसेन के हवाले से क्रिकबज ने कहा, "गेराल्ड कोएत्जे ने असल में मुझसे पूछा कि बुकी का नाम क्या है। मैंने कहा– इसका कोई अवसर नहीं।

एक नजर

शहर की समस्याओं पर नागरिक मंच ने जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शिकायत के बाद भी जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि यदि समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं किया गया तो नागरिक मंच आंदोलन को मजबूर होंगा।

सोमवार को व्यापार मंडल सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहर में लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण आमजन के लिए नासूर बनता जा रहा है। अतिक्रमण के कारण शहरवासियों का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। लाख शिकायतों के बाद भी नगर निगम व प्रशासन अतिक्रमण को लेकर लापरवाह बना हुआ है। बैठक में गढ़वाल एक्सप्रेस को जयपुर तक किए जाने की भी मांग की। साथ ही प्रदेश सरकार से मूल निवास, भू-कानून व चकबंदी के मुद्दे को लेकर भी गंभीरता दिखाने की मांग की गई। सदस्यों ने जल्द ही कानून व्यवस्था को लेकर नवनियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक से भी मिलने की बात कही। इस मौके पर मंच के महासचिव अतुल भट्ट, राजेंद्र सिंह नेगी, शंकर दत्त गौड़, राजेंद्र पंत, सुबोध देवरानी, दिनेश जुयाल, राकेश लखेड़ा, वीवी जोशी, चित्रमणी देवलियाल, केसी निराला, विजय माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

दौड़ में मंयक, आरोही, आदित्य और आकृति रहे अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : होली एंजिल स्कूल देवली की दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। सोमवार को जगत विहार खेल मैदान रानीहाट में आयोजित खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के योग विभाग के डा. चिंताहरण बेताल और सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौड़ ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर डा. चिंताहरण बेताल ने कहा कि खेल से ही बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौड़ ने कहा कि छात्र-छात्राओं को पढ़ने के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी आगे रहना चाहिए। इस मौके पर 50 मीटर दौड़ में मंयक ने प्रथम, शिवम नौटियाल ने द्वितीय, शिवांश नेगी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालिक वर्ग में आरोही राणा प्रथम, अक्षिता द्वितीय और वंशिका नेगी तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में आदित्य चौहान प्रथम, अमन रावत द्वितीय और अनंत आर्य ने तृतीय रहे। बालिका वर्ग में आकृति प्रथम, मानवी द्वितीय और सुहानी गिरी तृतीय स्थान पर रहीं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय जोशी, कुलदीप कुमार सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

शहर को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी

श्रीनगर गढ़वाल : नगर को स्वच्छ बनाये रखने को लेकर नगर निगम श्रीनगर ने सोमवार को आवास विकास मैदान में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर पूर्व में संपन्न हुए बैकुंठ चतुर्दशी मेले के दौरान फैले कचरे और आसपास बिखरी गंदगी को साफ कर 100 कुंतल कूड़े का निस्तारण किया गया। अभियान में एसडीएम श्रीनगर /नगर आयुक्त नुपुर वर्मा ने कहा कि श्रीनगर शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। बताया कि आगे भी नगर निगम क्षेत्र में सफाई अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर तहसीलदार धीरज राणा, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, शशि पंवार, डा. बीपी नैथानी, गढ़वाल विवि, मेडिकल कालेज, आईटीआई के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। (एजेंसी)

प्रशासक नियुक्त करने पर सीएम का जताया आभार

रुद्रप्रयाग : निर्वतमान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान में प्रशासक के रूप में नियुक्त अमरदेई शाह ने शासन स्तर से जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रशासक नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीएम की दूर दृष्टिता से ही पंचायतों की शीर्ष संस्था में अध्यक्षों को प्रशासक तैनात किया गया है, जो स्वागत योग्य कदम है। जिला पंचायत कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए प्रशासक का जिम्मा संभालने के बाद अमरदेई शाह ने कहा कि यह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के ही प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि भले ही अब वे जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगी किंतु प्रशासक के रूप में जनपद के विकास के लिए सदा कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि केदारनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरों के संचालन की व्यवस्था जिला पंचायत के पास आए इसके लिए भी प्रयास किए जाएंगे ताकि सरकार और प्रशासन इस दिशा में कार्य कर सके।

अतिक्रमण के खिलाफ सड़क पर उतरा नगर निगम

सोमवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही विभिन्न मार्गों पर चलाया गया अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर में नासूर बन रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम की सख्ती सोमवार को भी जारी रही। नगर निगम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही अन्य मार्गों पर खड़ी-रेहड़ी ठेलियों को जब्त किया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की भी चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान एक दर्जन रेहड़ी-ठेली व व्यापारियों के चालान काटे गए।

सोमवार शाम करीब पांच बजे नगर निगम की टीम बद्रीनाथ मार्ग में पहुंची। टीम को देख रेहड़ी-ठेली वालों में अफरा-तफरी मच गई। कई रेहड़ी-ठेली वाले अपना सामान लेकर गलियों में दौड़ने लगे। जबकि, कई रेहड़ी-ठेली वाले प्रेक्षागृह की ओर छिपने का प्रयास करने लगे। सफाई निरीक्षण सुनील कुमार ने बताया कि शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान एक दर्जन अतिक्रमणकारियों के चालान भी किए गए। साथ ही रेहड़ी-ठेली व फड वालों को सड़क पर दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। वहीं, रेहड़ी-ठेली वालों ने नगर निगम पर अभियान में भेदभाव करने का आरोप लगाया। कहा कि छोटे व्यापारियों का सामान जब्त किया जाता है। जबकि, बड़े व्यापारी सड़क पर ही दुकान सजाए बैठे हैं। जिनके खिलाफ आज तक कार्रवाई नहीं हुई।

कोटद्वार में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाती निगम की टीम

पाक कला में भोजन माता अनीता देवी रही प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पीएम पोषण योजना के तहत राजकीय विद्यालयों की पाक कला प्रतियोगिता ब्लॉक संसाधन केंद्र सुखरो में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अनीता देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विकासखंड दुगड्डा की भोजन माताओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज घमंडपुर की भोजन माता अनीता देवी ने प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर की भोजन माता मंगली देवी ने द्वितीय एवं राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी की दीपा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित कुमार चंद ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, ट्राफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षिका नीमा जोशी, मंजू कुलासरी, कक्षा पांच के छात्र आयुष एवं कक्षा आठ की छात्रा रितिका निर्णायक रहे। जिन्होंने भोजन माताओं द्वारा तैयार पहाड़ी व्यंजन जिसमें चावल, सब्जी, धबड़ी, झंगोरे की खीर को पौष्टिकता, स्वाद एवं बनाने के तौर-तरीकों पर जांचा परखा। कार्यक्रम का संचालन योजना प्रभारी सुधीर अग्रवाल एवं उमा बुडाकोटी ने किया।

आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी

सांसद के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

कोटद्वार बेस अस्पताल में फल वितरित करते कार्यकर्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सांसद अनिल बलूनी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने बेस अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मरीजों की समस्या सुनते हुए उनके निराकरण का भी आश्वासन दिया।

सोमवार को बेस अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद अनिल बलूनी का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार व्यवस्था को बेहतर बनाना है। बेस अस्पताल में मरीजों को हरसंभव मदद उपलब्ध करवाने के लिए भी सांसद गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। कहा कि राज्यसभा सांसद रहते हुए अनिल बलूनी ने अस्पताल को सांसद निधि से आईसीयू की सौगात भी दी थी। कार्यकर्ताओं ने मरीजों व उनके तीमारदारों का हाल-चाल भी जाना। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मरीज भाजपा कार्यकर्त्ताओं या पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। भाजपा का उद्देश्य हर व्यक्ति की मदद करना है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, धर्मवीर गुसाईं, संजय रावत, राजेंद्र जजेड़ी, कमलेश कोटनाला, अमिताभ अग्रवाल, रजनी बिष्ट, आशा, विकास मित्तल, हार्दिक आदि मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर के अन्तर्गत हल्दूखाता स्थित एवीएन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रविवार दोपहर में विद्यालय प्रांगण में आयोजित वार्षिकोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण और विद्यालय संचालिका अनुराधा नैथानी शर्मा ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय का प्रयास होना चाहिए कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ ही अनुशासित, संस्कारवान, आत्मविश्वासी बनाएं ताकि वो एक अच्छा इंसान बनकर सशक्त समाज का निर्माण कर सकें। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, राजस्थानी, पंजाबी, देशभक्ति, बॉलीवुड आदि गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय संचालिका ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर डायरेक्टर रजनीश शर्मा, उद्योगपति सुरेश ठाकुर, अमित राज सिंह, प्रशांत कुकरेती, राज गौरव नौटियाल और विपिन कैंथोला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी

सुखरो नदी के तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : संकल्प फाउंडेशन, वन विभाग व नगर निगम की ओर से सुखरो नदी के समीप मवाकोट क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करने की अपील की गई। लोगों ने स्वच्छ व स्वस्थ समाज निर्माण में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।

नदी के आसपास फैले कूड़े को एक स्थान पर एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। फाउंडेशन के सदस्य इंद्रजीत सिंह रावत ने कहा कि अभियान में नगर निगम, वन विभाग के अधिकारियों ने भी अपना योगदान दिया।

इस दौरान टीम ने आसपास के क्षेत्र में ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। आमजन से कूड़े को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने के बजाय कूड़ेदान का प्रयोग करने की अपील की गई। साथ ही लोगों को पालीथिन के दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया। क्षेत्रवासियों ने अपने आसपास स्वच्छता रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रदीप कंडवाल, विशाल माने, अजय सिंह, हिमांशु, प्रभाकर शाह, अमन, दिव्यांशु, अंश शर्मा, शिवम शाह, आशू, चारु, प्रियांशु चन्द, आकांक्षा रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में स्वच्छता अभियान चलाते संस्था के सदस्य व विभागों की टीम

साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : रिखणीखाल पुलिस की ओर से ग्रामीणों व चौकीदारों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस ने जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की। थानाध्यक्ष रिखणीखाल संतोष पैंथवाल ने चौकीदारों व ग्रामीणों की बैठक ली। कहा कि वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है। एक छोटी सी लापरवाही हमारे बैंक खातों को खाली कर सकती है। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की अपील की। कार्यशाला के दौरान ग्रामीणों को जागरूकता से संबंधित पर्चे भी वितरित किए गए। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर कैलाश जोशी, सुखवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह रावत, दिनेश चंद्र, मनोज कुमार, सावित्री देवी, गुड्डी देवी आदि मौजूद रहे।

युवाओं हेतु विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग कार्यक्रम का होगा आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : 26वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के तहत विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिला स्तर पर 5 दिसंबर तक ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद युवाओं को राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी राहुल डबराल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि 26वां राष्ट्रीय युवा उत्सव के तहत विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागी की राज्य स्तर पर निबंध प्रतियोगिता होगी तथा राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को 11 एवं 12 जनवरी, 2025 को दिल्ली के भारत मंडपम में होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। बताया कि कार्यक्रम में युवाओं को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित यूथ आइकॉन अक्षय कुमार, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी, ओलंपिक मेडलिस्ट, इंडस्ट्रलिस्ट आदि से संवाद करने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को नकद धनराशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

एक्सपायरी डेट का सामान देने का लगाया आरोप, किया हंगामा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सोमवार को बस स्टेशन पर एक थोक विक्रेता पर एक्सपायरी डेट का सामान देने का आरोप लगाते हुए महिला और स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर मामले को शांत करवाया। वहीं, जिला अभिहीत अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच शुरू कर दी है। महिला से बिल मांगा गया है।सोमवार को एक गांव से बस स्टेशन पर एक थोक विक्रेता से सामान लेने पहुंची महिला ने कहा कि वह पिछले लंबे समय से इस दुकान से अपनी दुकान के लिए थोक में सामान लेती है। आरोप लगाया कि थोक विक्रेता द्वारा उसको एक्सपायरी डेट का सामान दिया गया, जब वह थोक विक्रेता के पास एक्सपायरी डेट का सामान वापस करने आई तो थोक विक्रेता ने सामान बदलने से इनकार कर दिया। जिस पर बस स्टेशन में स्थित थोक विक्रेता की दुकान में हंगामा हो गया। हंगामे की सूचना मिलते ही दुकान में स्थानीय लोगों की भीड़ भी जुट गई। स्थानीय निवासी दीपक असवाल, अरुण चमोली, ऋविक असवाल आदि ने इस मामले में प्रशासन से जांच की मांग उठाई है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया। वहीं, जिला अभिहीत अधिकारी अजब सिंह रावत ने बताया कि मामले में महिला को खरीदे गए सामान का बिल प्रस्तुत किए जाने को कहा गया है।

लावारिस पशुओं पर लगाए रिफ्लेक्टिव कालर

चमोली : थराली नगर पंचायत और जागो हिमालय संस्था के सहयोग से क्षेत्र में लावारिस पशुओं और कुत्तों पर रिफ्लेक्टिव कालर लगाए गए। इन रेडियम कालरों से रात में गाड़ियों की रोशनी पड़ने पर वाहन चालकों को सावधान किया जा सकेगा, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। संस्था के निर्देशक रमेश चंद्र थपलियाल ने इसे पशुओं की सुरक्षा के लिए कारगर कदम बताया। नगर पंचायत के अधिकारी अकबीर सिंह ने कहा कि यह पहल सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मददगार होगी। मौके पर पशुपालन विभाग की ओर से सेनपाल सिंह, एपी जोशी, नगर पंचायत से रजनी उनियाल, सुरेंद्र गुसाईं, विक्रम सिंह, महेश प्रकाश आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

शहर में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाना प्राथमिकता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि कोटद्वार शहर में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वह गंभीरता से कार्य कर रही है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने शहर में एलटीआई 11 केवी लाइन व विभिन्न स्थानों पर विद्युत लाइन सुदृढीकरण कार्य का लोकार्पण किया। सोमवार नजीबाबाद चौराहे के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विस अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार में 4 करोड़ 36 लाख की लागत से विद्युत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। नए घरों के बनने से जगह-जगह तार व पोल की जरुरत महसूस हो रही है। कहा कि जल्द ही अन्य कार्यों के टेंडर कर इन्हें भी धरातल पर रंग दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी विद्युत को बचाने की अपील की। कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही सौर ऊर्जा योजना का आधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता नंदिता अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, हरि पुंडीर, मनोज पांथरी, एनएस बिष्ट, रवि रजोरा, कमल नेगी, सुभाष पांडे, कुलदीप रावत, नीरू बाला खंतवाल, नंदकिशोर कुकरेती आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में योजनाओं का लोकार्पण करती विस अध्यक्ष

क्रिकेट टीम में चयन होने पर गौरी गुसाईं को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार की गौरी गुसाईं का उत्तराखंड अंडर-15 बालिका क्रिकेट टीम में चयन होने के उपलक्ष्य में सोमवार को सनराइज क्रिकेट अकादमी द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर निगम मेयर हेमलता नेगी और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने गौरी गुसाईं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि गौरी गुसाईं ने कोटद्वार और उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। निवर्तमान मेयर हेमलता नेगी ने कहा कि गौरी ने यह साबित किया है कि एकाग्रता और कठिन परिश्रम से हर सपना साकार हो सकता है। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी बच्चियों को आगे बढ़ने का अवसर दें। वहीं क्रिकेट अकादमी के स्वामी व कोच मोहित बिष्ट ने भी गौरी और उसके माता-पिता को बधाई दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता साबर सिंह नेगी, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय रावत, बृजपाल सिंह नेगी, सुदर्शन रावत और सुनील सेमवाल सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

गौरी गुसाईं को सम्मानित करते पूर्व काबीना मंत्री व निवर्तमान महापौर

7 दिसंबर से शुरू होगा तीन दिवसीय अमर शहीद सैनिक मेला

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : सैन्य बाहुल्य गांव सवाड़ में तीन दिवसीय 17वां अमर शहीद सैनिक मेला 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित होगा। अमर शहीद सैनिकों के अभूतपूर्व शौर्य, पराक्रम एवं वीरता को समर्पित इस मेले के भव्य आयोजन को लेकर मेला समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है।

सैन्य बाहुल्य गांव सवाड से 22 सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग लिया था। जबकि 38 सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध, 14 सैनिकों ने पेशावर कांड तथा 17 सैनिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है। सवाड गांव से 1971 बांग्लादेश युद्ध में 28 सैनिकों, ऑपरेशन व्यूल स्टार में 15 सैनिकों ने भाग लिया था। वीर भूमि सवाड़ से वर्तमान में भारतीय सेना में 128 सैनिक सेवारत है। मेला समिति के अध्यक्ष ने बताया कि तीन दिवसीय 17वां अमर शहीद सैनिक मेला 07 दिसंबर को शहीद सैनिकों को श्रद्धाजंलि अर्पित करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज होगा।

8 दिसंबर को मेले में विभिन्न महिला मंगल दलों की प्रस्तुतियां और 9 दिसंबर को विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति और पूर्व सैनिकों के सम्मान के साथ मेले का समापन होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सुकन्या बचत खाता संख्या 010002106488 में भूलवश पुत्री का नाम AARADHYA RAWAT दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम SHIVALI RAWAT है, जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है।

अतः मेरी पुत्री के सुकन्या बचत खाता संख्या 010002106488 में मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम SHIVALI RAWAT दर्ज किया जाये।

हिमानी रावत पत्नी श्री समीर रावत निवासी ग्राम पदमपुर सुखरौ, एकता पुरम, कोटद्वार, गढ़वाल।

(0587/21)

एक नजर

शराब तस्करी के आरोप में दो नेपाली गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग : कोतवाली ऊखीमठ पुलिस ने चेकिंग के दौरान 28 बोतल शराब के साथ दो नेपालियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। जनपद में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना ऊखीमठ प्रभारी मुकेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान खड़क सिंह, निवासी सुरखेत थाना व जिला सुरखेत नेपाल और भक्ति बुढ़ा निवासी सिमतली थाना वुवा जिला जुमला नेपाल हाल पता त्रियुगीनारायण थाना सोनप्रयाग के कब्जे से 28 बोतल शराब की बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना ऊखीमठ में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। (एजेंसी)

देवेंद्र अध्यक्ष और अवधेश सचिव बने

रुद्रप्रयाग : श्री चंद्रेश्वर महादेव जीप टैक्सी मैक्सी समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए देवेंद्र वैष्णव को अध्यक्ष और अवधेश खत्री को सचिव चुना गया। चंद्रापुरी में आयोजित बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। समिति में पहली बार पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें वीरेंद्र चंद्रवाल उपाध्यक्ष, कमल सिंह राणा कोषाध्यक्ष और विजेंद्र सिंह जगवाण को कार्यकारिणी अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा बलवीर सिंह पंवार, कुंवर सिंह बडियारी व दिग्पाल सिंह राणा को सदस्य चुना गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि निर्वतमान जिपंस सुमन सिंह नेगी, विशिष्ट अतिथि गणेश तिवारी, विनोद राणा और ताजबर खत्री ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूरण सिंह कप्रवाण, रईश सिद्धिकी, उमा देवी, अंजू नौटियाल, जया राणा, पुष्कर सिंह पंवार, राजकिशोर बिष्ट, जगदंबा प्रसाद नौटियाल, बलवीर सिंह पंवार समेत अन्य मौजूद थे। (एजेंसी)

संघ के अध्यक्ष बनें थपलियाल

नई टिहरी : उत्तराखंड कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें खुशीराम डंगवाल सरंक्षक, चंद्रेश्वर नारायण थपलियाल जिलाध्यक्ष, सुखवीर सिंह रावत महामंत्री, गिरवीर सिंह नेगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बालकराम उनियाल उपाध्यक्ष, बलवंत सिंह नेगी संयुक्त मंत्री, खेमचंद कुमाईं कोषाध्यक्ष, राजेश चंद रमोला संगठन मंत्री, राजेंद्र सिंह नेगी संप्रेक्षक, आकांक्षा चौहान सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंत्री और विनोद लाल को कार्यालय सचिव चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन हित और कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। (एजेंसी)

पुलिस ने ग्रामीणों ने किया जागरूक

चमोली : गैरसैंण पुलिस ने रविवार को सारकोट, चोरड़ा और परवाड़ी गांव में लोगों को साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और लोगों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक गैरसैंण जयपाल सिंह नेगी और उनि सुमित बन्दुनी ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। इनसे सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। (एजेंसी)

पंचायत प्रतिनिधियों ने सीएम को ज्ञापन भेजा

चमोली : त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार से जिला पंचायत अध्यक्षों की तरह प्रधान और ब्लॉक प्रमुखों को भी प्रशासक नियुक्त करने की मांग की है। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर जल्द ही प्रधानों एवं प्रमुखों को प्रशासक नियुक्त नहीं किया गया तो संगठन मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। मौके पर नारायणबगड़ विकासखंड में प्रधान संघ के अध्यक्ष मोनू सती, ब्लॉक प्रमुख नारायणबगड़ यशपाल सिंह नेगी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

बहुउद्देशीय शिविर स्थगित

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : पिण्डवाली में 07 दिसंबर को आयोजित किये जाने वाले बहुउद्देशीय शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। जिला कार्यालय के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गैरसैंण ब्लॉक के पिण्डवाली में अब 13 दिसम्बर शुक्रवार को 11:00 बजे से 2 बजे तक बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाएगा .

मुख्यमंत्री ने पहली जौनसारी फीचर फिल्म मैरै गांव की बाट का प्रोमो और पोस्टर लांच किया

फिल्म के जरिए जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत से परिचित होंगे लोग

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पहली जौनसारी फीचर फिल्म ह्लमैरै गांव की बाटह्व का प्रोमो और पोस्टर लांच किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आंचलिक फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हनोल मंदिर का मास्टर प्लान बना रही है, इसके बाद से यह क्षेत्र तीर्थयात्रियों और पयर्टकों के लिए बड़ा डेस्टिनेशन बनकर उभर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हनोल मंदिर की प्रतिकृति प्रदान की थी। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य गठन के बाद अब पहली जौनसारी फीचर फिल्म बनकर तैयार हो गई है। इस फिल्म के जरिए जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत, रीति रिवाजों को देखने जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि राज्य सरकार की तरफ से क्षेत्रीय बोली भाषाओं में बनी फिल्मों के निर्माण और प्रचार-प्रसार में हर संभव मदद दी जा रही है। इसी क्रम में सरकार नई फिल्म नीति लेकर आई है। सरकार का मत है कि हर क्षेत्र में उत्तराखंड के स्थानीय लोग आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिनेता अभिनव चौहान को बधाई देते हुए कहा कि उनकी गढ़वाली फिल्म असगार भी सुपरहिट रही थी। इस मौके पर कैबिनेट गणेश जोशी, पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, सचिव एचसी सेमवाल, कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अपर सचिव अतर सिंह, मुख्य अभिनेता अभिनव चौहान और अभिनेत्री प्रियंका, निर्माता आयुष गोयल, प्रस्तुतकर्ता केएस चौहान, रतन सिंह रावत, जयपाल सिंह, अनिल दत्त, श्रीचंद शर्मा, भारत चौहान, प्रीतम तोमर, अनिल सिंह तोमर, रविंद्र चौहान, मतवार सिंह रावत, सुमित्रा चौहान, रीना चौहान, आकृति जोशी, मधुबाला सिंह, काजल शाह, लता राय, गुड्डी चौहान, ममता तोमर, साक्षी रावत आदि मौजूद थे। फिल्म की परिकल्पना केएस चौहान ने की है, फिल्म के निर्देशक अनुज जोशी हैं।

छात्राओं को बताएं उनके अधिकार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सोमवार को राजकीय इंटर कॉलेज वजली में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत अफसर बिटिया थीम पर कार्यक्रम का आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र प्रसाद थपलियाल ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकार, समाज में पुरुषों के बराबर समानता, महिलाओं को सम्मान अवसर, लिंगानुपात, एनीमिया, पोक्सो एक्ट, महिलाओं व किशोरी बालिकाओं संबंधी अपराध एवं दुर्व्यवहार संबंधी घटनाओं पर समाज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही अपने सपनों को कैसे पंख लगा सकते हो के संबंध में प्रश्नावली पर विचार किया गया। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. कंचन रावत, रश्मि रावत, ग्राम्य विकास विभाग से गार्गी रावत, पुलिस विभाग से एसआई लक्ष्मी जोशी, एसआई परवीन रावत, एसआई अनीता नेगी, वन स्टॉप सेंटर से अधिवक्ता लक्ष्मी रावत, सहायक अध्यापिका श्रीमती सरोजनी रावत आदि मौजूद रहे।

जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट में स्थानीय महिलाओं की भागीदारी जरूरी : सीएस रतूड़ी

देहरादून। जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट को प्रभावी बनाने तथा पेयजल योजनाओं में महिलाओं के फीडबैक को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोशल ऑडिट में जल उपभोक्ताओं में विशेषकर स्थानीय महिलाओं को शामिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। पेयजल सम्बन्धित मामलों पर आम नागरिकों की संतुष्टि को शीर्ष प्राथमिकता देने की कड़ी हिदायत देते हुए मुख्य सचिव रतूड़ी ने इस क्षेत्र में बेस्ट प्रेक्टिसेज को अपनाने तथा शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सचिवालय में अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम की 11वीं उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में सीएस राधा रतूड़ी ने पेयजल विभाग एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को जल जीवन मिशन के समयसीमा विस्तार हेतु भारत सरकार को तत्काल पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। आमजन को अबाध जलापूर्ति के साथ ही पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बेस्ट प्रैक्टिसेज के तहत यूजर फ्रेण्डली डैशबोर्ड पर स्टेट ऑफ आर्ट एमआईएस में सभी मुख्य परफोर्मेन्स इण्डिकेटर्स को दर्ज करने की हिदायत दी है। मुख्य सचिव ने सर्विस डिलीवरी में गैप आने पर सम्बन्धित इंजीनियरों को एसएमएस के माध्यम से ऑटो एलर्ट भेजकर शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने तथा 48 घण्टे के भीतर शिकायतों के निवारण के भी निर्देश दिए हैं।

क्षतिग्रस्त डाकरा पुल को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

देहरादून। डाकरा में क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत का काम चार महीने बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। कांग्रेस नेता सोमवार को क्षतिग्रस्त पुल के पास पहुंचे और प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों को यहां बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना की अगुवाई में स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षतिग्रस्त पुल के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। धस्माना ने कहा कि यहां पास ही राज्यपाल, मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री रहते हैं, लेकिन इलाके का मुख्य पुल चार महीने से क्षतिग्रस्त है। धस्माना ने कहा कि सरकार आम लोगों के लिए नहीं सिर्फ प्रचार के लिए काम कर रही है। अगर आम लोगों की सुविधा के काम हो रहे होते तो इस पुल की मरम्मत हो जाती।

जन संवाद कार्यक्रम में एडीएम ने सुनी समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फरियादियों द्वारा कुल 05 शिकायतें दर्ज की गई, जिन्हें निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के अवसर पर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय मालतोली शिक्षक अभिभावक संघ के पदाधिकारियों एवं अभिभावकों द्वारा विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित रिक्त चल रहे शिक्षकों के अन्य पदों पर यथाशीघ्र तैनाती करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की तैनाती न होने पर छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को यथाशीघ्र विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही अविलंब कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। दरमोला निवासी पुष्कर सिंह ने उनके आवासीय भवन के ऊपरी हिस्से से गुजर रही विद्युत लाइन को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की। इस तरह कुल 05 शिकायतें दर्ज हुई जिनका निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों पर की जाने वाली कार्यवाही से जिला कार्यालय सहित संबंधित शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। साथ ही जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण किया जाना है उन्हें भी ससमय निस्तारण कर लिया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशीष चंद्र घिल्डियाल, परियोजना निदेशक प्रदीप कुमार पांडेय, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता अरोड़ा, जिला शिकायत निवारण केंद्र के सहायक विनोद कुमार सहित स्वास्थ्य, जल संस्थान, जल निगम, उरेड़ा, विद्युत, सिंचाई, पूर्ति, लोनिवि आदि विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

फोरेस्ट फायर सीजन से निपटने के लिए तैयारियां में जुटा वन विभाग

जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा की बैठक हुई संपन्न

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी विभागों से फोरेस्ट फायर सीजन में आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में वन विभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी डीएस पुंडीर ने पीपीटी के माध्यम से वनाग्नि के कारणों, होने वाले नुकसान व उससे बचाव की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद के अंतर्गत रुद्रप्रयाग व केदारनाथ दो क्षेत्रीय वन प्रभाग हैं। वनाग्नि की सुरक्षा, प्रभावी नियंत्रण व सुझाव हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 07 सदस्यीय जिला स्तरीय वन अग्नि सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। इसी तरह विकासखंड स्तर पर ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में जबकि ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में वन पंचायत स्तरीय समिति गठित की गई है। उन्होंने वनाग्नि के प्रकार, अग्नि सुरक्षा योजना के उद्देश्य, दावाग्नि के प्रकार उसके कारण जन सामान्य द्वारा की जाने वाली लापरवाही अग्नि को प्रभावित करने वाले वायुमंडलीय तथा भौगोलिक कारकों की जानकारी से भी अवगत कराया। साथ ही आगामी फोरेस्ट फायर सीजन के लिए वन विभाग द्वारा वनाग्नि से अति संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी सहित क्रू-स्टेशनों की स्थापना, फायर वाचरों की तैनाती, प्रचार-प्रसार व जनजागरण, काउंटर फाइल लाइनों व की गई आवश्यक तैयारियों की विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से फोरेस्ट फायर सीजन में आवश्यक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपसी समन्वय से ही वनाग्नि पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक प्रदीप कुमार पांडेय, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, उप जिलाधिकारी आशीष चंद्र घिल्डियाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

निकाय चुनाव तैयारियों को लेकर दून पहुंचेंगे कांग्रेस जिला प्रभारी

देहरादून। कांग्रेस के जिला प्रभारी प्रदीप जोशी मंगलवार 03 दिसंबर से देहरादून जिले के दौरे पर होंगे। इस दौरान वह पार्टी की निकाय चुनाव तैयारियों को परखेंगे।

साथ ही टिकट दावेदारों की क्षमताओं को परखने के साथ ही चुनाव तैयारियों को खाका भी खीचेंगे। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नवीन जोशी ने बताया कि पार्टी की ओर से निकाय चुनाव को लेकर सक्रियता बढ़ा दी गई है। पार्टी के जिला प्रभारी प्रदीप जोशी आज से तीन दिन के दौरे पर दून आ रहे हैं।

वह इस दौरान प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही स्थानीय कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। संगठन के साथ ही भी उनकी बैठक होगी। साथ ही दावेदारों से भी प्रदीप जोशी मुलाकात कर चुनाव तैयारियों का जायजा लेंगे। नवीन जोशी ने बताया कि पार्टी के स्तर पर निकाय चुनाव की तैयारियां गंभीरता से की जा रही है।

डीएम अध्यक्षता में हुआ जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 96 शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतों में भूमि संबंधी शिकायत, भूमि कब्जा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, मुआवजा दिलाने, आपसी विवाद, नगर निगम, पर्यटन, महिला कल्याण, सड़क निर्माण हेतु वन भूमि चिन्हित करने आदि शिकायत प्राप्त हुई। आज वरिष्ठ नागरिकों सहित पर्यटन विभाग, नगर निगम, वन विभाग, पुलिस, नगर निगम बाल विकास आदि विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को बैठाकर से उनकी शिकायतें इत्मिनान से सुनते हुए अधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण हेतु विशेष प्रयास करें ताकि वरिष्ठ नागरिकों को भटकना न पड़े। पति की मृत्यु के बाद विरासत हेतु खतौनी में नाम चढ़ाने के लिए 8 माह से घूम रही, महिला फरियादी प्रतीक्षा चौहान को जिलाधिकारी ने दिलाया न्याय आज ही खतौनी में दर्ज करवाया महिला का नाम। उक्त महिला का प्रकरण संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी सदर कुमकुम जोशी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला का नाम अभिलेखों में दर्ज करवाया आज ही नाम विरासत में दर्ज किया गया। जनता दर्शन/जनसुनवाई में हरिपुर ऋषिकेश निवासी एक बुजुर्ग ने अपने शिकायती में बताया कि भू-माफिया द्वारा उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिस पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को कार्यवाही के निर्देश दिए।

एमडीडीए ने काटा चालान फिर खत्म हुआ धरना

देहरादून। एमडीडीए के लंढौर बेकरी हिल पार्किंग कार्यालय के बाहर नियमों का उल्लंघन कर निर्माण और अवैध रूप से व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने के खिलाफ युवा बेरोजगार मंच का धरना खत्म हो गया। एमडीडीए की ओर से चालान काटने की कार्रवाई के बाद युवा बेरोजगार मंच ने धना खत्म करने का फैसला लिया। युवा बेरोजगार संघ के नितिन दत्त ने कहा कि जेपी बैंड के पास सचिवालय व्यवस्था अधिकारी द्वारा नियमों के विरूद्ध किए गये निर्माण व उसमें चलाई जा रही व्यावसायिक गतिविधयों के खिलाफ एमडीडीए कार्यालय के बाहर धरना दे रहे हैं। पूर्व में इसकी शिकायत की गई थी, शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने पर धरना शुरू किया गया। नवीन दत्त ने कहा कि अब एमडीडीए ने चालान काटा है जो आंदोलन की जीत है। आगे इस भवन की सीलिंग और ध्वस्तीकरण के लिए दबाव बनाया जायेगा। उन्होंने नाला कब्जाने का भी आरोप लगाया। साथ ही कहा कि एमडीडीए की कार्यप्रणालि से से स्थानीय लोग परेशान है। आम लोगों की सुनवाई नहीं हो रही है, लेकिन जो गलत कर रहे हैं, उनका संरक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर एमडीडीए के अधिशासी अभियंता आनंद राम ने कहा कि इस निर्माण में दो तल अतिरिक्त बना दिया है जिसके खिलाफ विभाग ने चालान की कार्रवाई कर वाद दर्ज कर लिया है,

गंगा समग्र में कुंभ मेले पर चर्चा

देहरादून। गंगा समग्र उत्तराखंड प्रांत की एक बैठक सोमवार को दून में हुई। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री रामाशंकर, राष्ट्रीय सह संपर्क प्रमुख प्रकाश, संगठन मंत्री निरंजन त्रिवेदी, प्रांत सह-संयोजक उऋण सिंह, प्रांत संरक्षक तेजोराज पटवाल, भूपेंद्र भट्ट, सुदीप जुगरान और पितांबर सिंह सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य बिंदु प्रयागराज में आगामी कुंभ मेले में गंगा समग्र के शिविर आयोजन की रूपरेखा और उससे जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करना था। इस अवसर पर गंगा संरक्षण और जागरूकता से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। शिविर आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन जिम्मेदारियों को लेकर दिशा-निर्देश तय किए गए।

43 परिवारों के पुनर्वास एवं विस्थापन के लिए धनराशि स्वीकृत



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : तहसील ज्योतिर्मठ के अंतर्गत भूस्खलन प्रभावित पगनों गांव के 40 परिवारों और ग्राम उर्गम के तल्ला बडगिण्डा तोक के 03 प्रभावित परिवारों सहित कुल 43 प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं विस्थापन के लिए एक करोड़ बयानबे लाख पाास हजार (192.50 लाख) की धनराशि स्वीकृत कर तहसील ज्योतिर्मठ को जारी कर दी गई है।

आपदा प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय पुनर्वास समिति ने इसकी स्वीकृति प्रदान की है। वहीं पगनों गांव के अवशेष प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु तहसील स्तर से अभी भूमि चयन की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी ने तहसील ज्योतिर्मठ के उप जिलाधिकारी को विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु आवंटित धनराशि को नियमानुसार शीघ्र प्रभावित परिवारों में वितरण करने और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास वाले स्थानों पर मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि तहसील ज्योतिर्मठ के अंतर्गत ग्राम पगनों में 40 प्रभावित परिवारों और ग्राम उर्गम का तल्ला बडगिण्डा तोक के 03 प्रभावित परिवारों के विस्थापन एवं पुनर्वास हेतु शासन से 1 करोड़ 92 लाख 50 हजार धनराशि आवंटित की गई थी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय पुनर्वास समिति ने शासन से आवंटित धनराशि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं विस्थापन हेतु तहसील प्रशासन को अवमुक्त कर दी गई है।

गैरसैंण में अब मुकेश बैठे अनशन पर

चमोली : गैरसैंण के रामलीला मैदान में वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की मूर्ति के सम्मुख 14 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी आंदोलन सोमवार को भी जारी रहा। छह दिनों से अनशन पर बैठे पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेंद्र धीमन को पुलिस और प्रशासन ने रविवार देर शाम गिरते स्वास्थ्य का हवाला देते हुए अस्पताल में भर्ती करा दिया। इसके साथ ही उनका अनशन समाप्त करवा दिया गया। सोमवार से व्यापार संघ महामंत्री मुकेश ढौंडियाल ने अनशन की जिम्मेदारी संभाल ली। उन्होंने घोषणा की कि जब तक सरकार उनकी 14 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक बातचीत नहीं करती, आंदोलन जारी रहेगा। सीएचसी गैरसैंण में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, लावारिस पशुओं पर नियंत्रण और पशुगृह का निर्माण, महाविद्यालय में अगले सत्र से एमएससी की कक्षाएं प्रारंभ करना,शहीद कृपाल सिंह और शहीद रणजीत सिंह मोटर मार्ग की मरम्मत और डामरीकरण और भराड़ीसैंण से चौरड़ा तक सड़क निर्माण। अनशन के दौरान व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, राज्य आंदोलनकारी हरेन्द्र कंडारी, खिमुली देवी, जगदीश ढौडियाल, कुंवर सिंह रावत, कुंवर सिंह पंवार, और गोपाल पंत समेत कई आंदोलनकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

राज्यपाल ने नागालैंड एवं असम राज्य को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में नागालैंड और असम राज्य के वासियों को पूरे उत्तराखण्ड की ओर से राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड में शिक्षा ग्रहण करने आए छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस अवसर पर नागालैंड एवं असम के इन छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। राज्यपाल ने सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपना देश विविधताओं से भरा एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण अनेक बोली-भाषाओं, समृद्ध संस्कृतियों और अनेक धर्मों के ताने-बानों से हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों से अपने देश की विविधता में एकता का जश्न मनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कामना की, कि ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' के उद्देश्य को पूरा करने के लिए देश के सभी राज्यों में सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव हो, हम सभी भारतीयों के आपसी संबंध मजबूत हों।

राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों के लोगों का आपसी एवं सांस्कृतिक मेल-मिलाप बहुत जरूरी है। जहां एक ओर इससे आपसी रिश्ते मजबूत होंगे वहीं दूसरी ओर आपसी समझ और विश्वास भी बढ़ेगा, यही भारत के ताकत की नींव भी है। ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' के रूप में देश के प्रत्येक राजभवन में सभी प्रदेशों के स्थापना दिवसों के आयोजन की अनूठी पहल के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com